संक्रमण का फैलने का बड़ा खतरा सरकार के ही अधीन काम करने है।

# शिक्षक डिजिटल जूम ऐप से छात्रों को करा रहे अध्ययन

कार्यालय संवाददाता

मेरठ। वर्तमान समय में कोरोनावायरस को परास्त करने के लिए देश में 21 दिन का लॉक डाउन लागू किया गया था। जिससे कि इस अवधि में कोरोनावायरस के संक्रमण को रोका जा सकें। लॉक डाउनलोड होने के पश्चात शिक्षा संस्थान भी बंद हो गए। जिससे कि छात्र-छात्राओं के सामने पढ़ाई को लेकर संकट उत्पन्न हो गया था। कि कैसे शेष पाठ्यक्रम को पूरा करें। इसी बात को देखते हुए कुलपति प्रोफेसर एनके तनेजा द्वारा भी शिक्षकों से ऑनलाइन माध्यम से छात्र-छात्राओं के सेमेस्टर पाठ्यक्रम को पूरा कराने का आदेश दिया गया था। जिसके पश्चात विभिन्न कॉलेजों में व्हाट्सएप ऐप के माध्यम से छात्र-छात्राओं को सेमेस्टर संबंधित पाठ्यक्रम की सामग्री उपलब्ध कराते हुए उनको पढ़ाया जा रहा है। इसी क्रम में एनएएस कॉलेज समाजशास्त्र विभागाध्यक्ष डॉक्टर संजीव महाजन ने एक अनोखा माध्यम अपनाया। जिसमें उन्होंने जूम ऐप के माध्यम से छात्र-छात्राओं को पढ़ाने के लिए अन्य शिक्षकों को भी प्रेरित किया और स्वयं उन्होंने बुधवार से छात्र छात्राओं को जूम ऐप के माध्यम से कक्षा पढ़ाई। डॉक्टर संजीव महाजन ने बताया कि उन्होंने जूम ऐप के माध्यम से चतुर्थ एवं द्वितीय सेमेस्टर के छात्र-छात्राओं को ऑनलाइन पढ़ाने के लिए कक्षा शुरू कर दी है। ऑनलाइन कक्षा के लिए सर्वप्रथम उन्होंने सभी छात्र छात्राओं को व्हाट्सएप के माध्यम से जूम ऐप आईडी और लिंक भेज दिया। उसके पश्चात छात्र-छात्राएं जूम ऐप के माध्यम से सीधे जुड़े और उनको पाठ्यक्रम से संबंधित पाठ को ऑनलाइन ही पढ़ाया गया।



**आधे घंटे की हो सकती है, कक्षा नहीं लगता है कोई पैसा**

डॉक्टर संजीव महाजन ने बताया कि जूम ऐप के माध्यम से आधे घंटे की कक्षा ऑनलाइन हो सकती है। जिसमें की वीडियो कॉन्फ्रेंसिंग की ही तरह छात्र-छात्राएं अपने सवालों को पूछ सकते हैं। इस ऐप को यूज करने के लिए सिर्फ इंटरनेट होने की आवश्यकता है, इसके अलावा अन्य किसी भी प्रकार का कोई चार्ज नहीं लगता। ऐसे में छात्र छात्राओं के लिए लॉक डाउन के समय यह एक काफी कारगर साबित हो रहा है । छात्र छात्राओं ने डॉक्टर संजीव महाजन के प्रयास को सराहा।

# एनएएस में जूम क्लास शुरू, समाजशास्त्र की हुई पढ़ाई

माई सिटी रिपोर्टर

मेरठ। लॉकडाउन में हाथ पर हाथ धरकर बैठने की बजाय छात्र-छात्राओं को जितना हो सके उतना ऑनलाइन पढ़ाई शुरू कराएं। किसी भी विद्यार्थी का नुकसान नहीं होना चाहिए। शासन के इन निर्देशों पर कुलपति की सख्ती के बाद एनएएस कॉलेज में भी बुधवार से जूम क्लासेस शुरू हो गई। 40 मिनट के लेक्चर में एमए सोशोलॉजी सेकेंड और फोर्थ सेमेस्टर के छात्र-छात्राओं को पढ़ाया गया। छात्र-छात्राओं ने भी सवाल पूछे।

कोरोना के चलते 21 दिन के लॉकडाउन से हर कोई परेशान है। सबसे ज्यादा फर्क इससे छात्र-छात्राओं को पड़ रहा है। ऐसे में सरकार ज्यादा से ज्यादा ऑनलाइन पढ़ाई कराने की बात कर रही है। सीसीएसयू के कुलपति प्रो. एनके तनेजा ने ऑनलाइन पढ़ाई में लापरवाही होने पर मंगलवार को सभी प्राचार्यों के साथ वीडियो कांफ्रेंसिंग की थी। इसके बाद बुधवार को एनएएस कॉलेज में भी जूम एप के माध्यम से एमए सोशोलॉजी सेकेंड सेमेस्टर और चतुर्थ सेमेस्टर की पढ़ाई कराई गई। विभागाध्यक्ष डॉ. संजीव महाजन ने बताया कि चतुर्थ सेमेस्टर में 22 और द्वितीय सेमेस्टर में 16 छात्र-छात्राएं हैं। इनके व्हाट्सएप ग्रुप पहले से ही बने हुए हैं। मंगलवार को सभी छात्र-छात्राओं को मेल आईडी से रिक्वेस्ट डलवाने के बाद उनकी आईडी बनवा दी गई। सभी को बता दिया गया कि सुबह साढ़े 11 बजे से कक्षा शुरू होगी। जिसके बाद चतुर्थ सेमेस्टर के 12 और द्वितीय सेमेस्टर के 10 छात्र-छात्राओं ने ऑनलाइन कक्षा में भाग लिया। दूसरे कॉलेजों के शिक्षकों को भी इसी तरह से अब जूम एप के जरिए कक्षाएं शुरू करनी होंगी।

## कुलपति के निर्देशों के बाद ऑनलाइन कक्षाओं में पढ़ाना होगा जरूरी

### शिक्षण संस्थान अपना रहे तमाम एप

**कोरोना** वायरस के कारण देश और दुनिया के कई देशों में लॉकडाउन होने के बाद लाखों घर से काम कर रहे हैं। घर से काम के दौरान मीटिंग आदि स्काइप या फिर जूम जैसी वीडियो कालिंग के जरिए हो रही है। अब जूम एप को शिक्षण संस्थानों में काफी इस्तेमाल किया जा रहा है। इसमें एक बार में 100 लोगों की कालिंग हो सकती है। 40 मिनट तक इसको फ्री इस्तेमाल कर सकते हैं। इसके बाद दूसरा सेशन लेना होता है।

## ...क्षाएं भी बढ़ चुकी हैं आगे

### जूम एप पर समाजशास्त्र की क्लास शुरू

मेरठ। लॉकडाउन से पैदा हुई परिस्थितियों में चौधरी चरण सिंह विश्वविद्यालय से संबद्ध कॉलेजों ने क्लास को लेकर अपग्रेडेशन शुरू कर दिया है। बुधवार से एनएएस कॉलेज में समाजशास्त्र की कक्षाएं भी जूम एप पर ऑनलाइन हो गई। एमए चतुर्थ सेमेस्टर के स्टूडेंट को जूप एप के जरिए ऑनलाइन क्लास दी गई। कॉलेज के अन्य विभाग भी जल्द ही जूम एप से ऑनलाइन कक्षाएं शुरू करने जा रहे हैं। एचओडी डॉ. संजीव महाजन ने कॉलेज में जूम एप से ऑनलाइन कक्षाएं शुरू की हैं। बुधवार को चतुर्थ सेमेस्टर के स्टूडेंट ने 11 बजे से यह क्लास अटेंड की। डॉ. महाजन के अनुसार सभी स्टूडेंट को ऑनलाइन क्लास से जुड़ने के लिए ट्रेंड भी किया जा रहा है। द्वितीय एवं चतुर्थ सेमेस्टर के अधिकांश स्टूडेंट जूम एप के जरिए कनेक्ट हो चुके हैं। डॉ. महाजन के अनुसार द्वितीय एवं चतुर्थ सेमेस्टर की कक्षाएं अब निर्धारित समय पर हर रोज चलेंगी। उन्होंने स्टूडेंट से तय समय पर जूम एप पर कनेक्ट होने के निर्देश दिए हैं। वहीं, एनएएस कॉलेज में जल्द ही अन्य विभाग भी जूम एप पर क्लास शुरू करने जा रहे हैं। ऐसे में स्टूडेंट अपने क्लास टीचर से संपर्क में रहें। विवि पहले ही सभी कॉलेजों को निरंतर ऑनलाइन क्लास लेने के निर्देश दे चुका है।

## ...को शुरू हुई ऑनलाइन काउंसिलिंग

स्कूल के बच्चे और अभिभावक ई मेल आईडी kvplcounselling@ gmail.com पर अपनी काउंसिलिंग संबंधित प्रश्न भेज सकते हैं, जिनके उत्तर ई मेल द्वारा देने का दायित्व राधा गुप्ता उप प्राचार्या, नीति शर्मा के अलावा आभा सिंह और आकांक्षा तोमर को सौंपा गया है। अभिभावक और बच्चे सवाल मेल कर सकते हैं। यह जानकारी मीडिया प्रभारी आशुतोष शुक्ल ने दी।

# एनएएस कॉलेज में जूम एप से पढ़ाई शुरू




जूम एप से एमए समाजशास्त्र के छात्रों को पढ़ाते डा. संजीव महाजन ( सबसे ऊपर) ● सौ. कॉलेज

जागरण संवाददाता, मेरठ : चौ. चरण सिंह विश्वविद्यालय की ओर से सभी कॉलेजों को ऑनलाइन पढ़ाने पर जोर दिया जा रहा है। धीरे-धीरे कॉलेज भी इस दिशा में कदम बढ़ाने लगे हैं। एनएएस डिग्री कॉलेज में जूम एप से छात्रों की पढ़ाई शुरू की गई।

एनएएस कॉलेज में समाजशास्त्र विभाग के शिक्षकों ने छात्रों को घर बैठे ई-कंटेंट उपलब्ध कराने लगे हैं। समाजशास्त्र विभाग में छात्रों के अलग -अलग ग्रुप बनाए गए हैं। वाट्सएप पर छात्रों को सिलेबस और उससे संबंधित स्टडीज मैटेरियल भेजा जा रहा है। जिससे छात्र-छात्राओं की सेमेस्टर की पढ़ाई घर बैठे हो सके। ग्रुप में विषय के फैकल्टी मेंबर जुड़े हुए हैं। बुधवार को एसोसिएट प्रोफेसर संजीव महाजन ने जूम एप के माध्यम से एमए द्वितीय और चतुर्थ सेमेस्टर के छात्रों को पढ़ाना शुरू किया है। पहले दिन भारत का परिवार विषय पर विस्तार से छात्रों को लेक्चर दिए।

जूम एप पर छात्रों को पढ़ाने से पहले शिक्षकों ने एक दिन पहले आपस में संवाद किया। फिर लेक्चर का शेड्यूल बनाकर छात्रों को मैसेज किया। डा. संजीव महाजन ने बताया कि यह एक नया अनुभव है। सभी छात्रों को इसके विषय में कल ही बताया गया था। छात्रों में इसे लेकर काफी उत्साह दिख रहा है। उनके सवाल को वाट्सएप पर लिया जा रहा है।

## कोरोना से बचने का सुझाव दे रहे बच्चे

जागरण संवाददाता, मेरठ : विश्व स्वास्थ्य दिवस के मौके पर दीवान पब्लिक स्कूल के शिक्षकों व बच्चों ने लोगों को लॉकडाउन का अनुपालन करने और स्वयं को कोरोना से बचे रहने को प्रेरित किया है। ऑनलाइन शिक्षण के दौरान शिक्षकों की मदद से बच्चों ने घर पर ड्राइंग के जरिए जागरूक किया। इसके साथ ही शिक्षकों ने वीडियो के जरिए बच्चों को मास्क बनाना सिखाया और बच्चों ने मास्क बनाए भी। बच्चों के प्रयास में परिजनों ने भी उनका सहयोग किया।

इन गतिविधियों में शामिल होने पर बच्चों को और उन्हें प्रेरित करने पर शिक्षकों व परिजनों का स्कूल निदेशक एचएम राउत व प्रिंसिपल एके दुबे ने आभार प्रकट किया।